Total No. of printed pages = 4

4 (Sem-2) FHIN-I

2018

# HINDI

## (Functional MIL–I)

Full Marks – 80

Time – Three hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions.

1. निम्नलिखित प्रश्नों के पूर्ण वाक्य में उत्तर दीजिए : 1×10=10

(क) वेदांती लोग जगत को क्या समझते हैं?

(ख) ——बड़ा पुष्टिकारक होता है।
रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।

(ग) धोखे का एक पर्यायवाची शब्द लिखिए।

(घ) मेघदूत के अलावा एक अन्य दूतकाव्य का नाम लिखिए।

(ङ) यक्षिणी के प्राणावलम्ब का हेतु —— है।
रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।

[Turn over

(च) श्रद्धा के तीन विषय क्या है?

(छ) मेघदूत में किस वृत्त का प्रयोग हुआ है?

(ज) सच्चा दान कितने प्रकार का होता है?

(झ) श्रद्धान्धता किसे कहते है?

(ञ) एक सिद्धान्त वाक्य लिखिए।

2. निम्नलिखित प्रश्नों के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : $2\times5=10$

(क) मनुष्य का भ्रम में पड़ा रहना क्यों आवश्यक है?

(ख) यक्ष का प्रेम पत्नी सम्बन्धी प्रेम है —निबन्धकार ने ऐसा क्यों कहा हैं?

(ग) प्रसाद गुण की क्या विशेषता है?

(घ) प्रतिभा सम्बन्धिनी श्रद्धा क्या है?

(ङ) प्रेम में केवल दो पक्ष होते हैं, श्रद्धा में तीन —आशय स्पष्ट कीजिए।

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : $5\times4=20$

(क) धोखा खानेवाला मूर्ख और धोखा देनेवाला ठग क्यों कहलाता है ? विस्तारपूर्वक लिखिए।

(ख) धोखा निबन्ध का मुख्य उद्देश्य क्या है?

(ग) यक्ष के निर्व्याज प्रेम पर प्रकाश डालिए।

(घ) भक्ति किसे कहते हैं? श्रद्धा और भक्ति के अन्तरों को स्पष्ट कीजिए।

(ङ) श्रद्धा धर्म की पहली सीढ़ी है —बताइए।

(च) वाणिज्य में वाणिज्यिक विज्ञापन किस तरह लाभदायक है?

4. निम्नलिखित प्रश्नों के सम्यक् उत्तर दीजिए : 10×4=40

(क) सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

कविता करने से ही कवि-पदवी नहीं मिलती। कवि के हृदय को—कवि के काव्य-मर्म को जो जान सकते हैं, वे भी एक प्रकार से कवि हैं।

अथवा

श्रद्धा न्याय-बुद्धि के पलड़े पर तुली हुई एक वस्तु है जो दूसरे पलड़े पर रक्खे हुए श्रद्धेय के गुण, कर्म आदि के हिसाब से होती है।

(ख) विज्ञापनों के विविध प्रकारों एवं पद्धतियों पर सविस्तार प्रकाश डालिए।

अथवा

विज्ञापन क्या है? विज्ञापन के नवीनतम तरीकों पर प्रकाश डालिए।

(ग) अपने इलाके में असामाजिक तत्तों के बढ़ते क्रिया–कलापों की रोकथाम हेतु सम्बन्धित विभाग के अधिकारी का ध्यानाकर्षण करते हुए स्थानीय समाचार पत्र के सम्पादक को पत्र लिखिए।

अथवा

किसी व्यक्तिगत प्रतिष्ठान में सहायक प्रबंधक के पद के लिए प्रतिष्ठान के मुख्य प्रबंधक के नाम एक आवेंदन पत्र लिखिए।

(घ) किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए :

(अ) असम की आर्थिक प्रगति।

(आ) वाणिज्य और नैतिकता।

(इ) मातृभाषा की आवश्यकता।

(ई) बेरोजगारी।

(उ) राष्ट्र प्रेम।